महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर हरियाणा व केंद्र सरकार में समझौता

चर्चा में क्यों?

21 दिसिंबर, 2022 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हिसार में बनने वाले महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर हरियाणा व केंद्र सरकार में समझौता हो चुका है तथा इस मेगा प्रोजेक्ट के लिये राज्य सरकार ने 945 करोड़ रुपए का बजट रखा हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिसार एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है। यह 7200 एकड़ में विस्तृत हरियाणा का पहला बड़ा एयरपोर्ट होगा है।
- हिसार एयरपोर्ट का निर्माणाधीन रनवे 10 हज़ार फुट का है, जो कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अनुरूप है। पिछले डेढ़ वर्ष में रनवे का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा मार्च 2023 में यह रनवे तैयार हो जाएगा।
- इस रनवे के साथ-साथ टैक्सी स्टैंड और 23 मीटर चौड़ा टैक्सी-वे, पार्किंग स्टैंड, फायर स्टेशन का निर्माण भी इंटरनेशनल मानकों के हिसाब से किया जा रहा है। अत्याधुनिक तकनीक वाली लाइट जिससे रात में भी हवाई जहाज लैंड कर सकते हैं तथा लेटेस्ट टेक्निक वाला एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लगाया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि दुनिया भर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हवाई पट्टियों की लंबाई 9 हज़ार से लेकर 12 हज़ार फीट तक है, जबकि हिसार के हवाई पट्टी की लंबाई 10 हज़ार फीट है।
- उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि द्वितीय चरण का निर्माण होने के बाद एयरपोर्ट के टर्मिनल और एप्रन का निर्माण भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के स्टैंडर्ड के तहत किया जाना है।
- उन्होंने बताया कि हिसार में इंटरनेशनल एयरपोर्ट ही नहीं, बल्कि इसे एविएशन हब बनाया जाएगा। लगभग 7200 एकड़ भूमि में एयरपोर्ट विकसित होने के अलावा 3000 एकड़ में मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने के लिये जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।
- इस एयरपोर्ट के बनने से अमृतसर से लेकर जयपुर तक के यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-between-haryana-and-central-government-regarding-maharaja-agrasen-international-airport